प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 09.10.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. **मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जालौन में 18 सौ करोड़ रुपए से अधिक की 305 परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास : कहा– त्योहारों पर सम्मान और सुरक्षा का माहौल देने के लिए प्रतिबद्ध है सरकार।**
2. **केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने अयोध्या में किया श्रीरामलला का दर्शन पूजन : 25 नवम्बर को होने वाले ध्वजारोहण की तैयारी को लेकर की चर्चा।**
3. **बहुजन समाज पार्टी को राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने आज लखनऊ में रैली को किया संबोधित : कहा– 2027 में बसपा अकेले लड़ेगी प्रदेश में विधानसभा चुनाव।**

**और**

4. **करवाचौथ को लेकर बाज़ारों में बढ़ी रौनक : राज्य महिला आयोग ने महिला बंदीगृहों में पारम्परिक रूप से कल करवाचौथ सम्पन्न कराने के लिए ज़िलाधिकारी को लिखा पत्र।**

————————

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज जालौन में 18 सौ करोड़ रुपए से अधिक की 305 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण–पत्र व चेक भी वितरित**

किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार समाज के सभी वर्गों के हित क लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार पर्व और त्योहारों पर सम्मान और सुरक्षा का माहौल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। बाइट.....

*आज माफिया प्रवृत्ति के लिए प्रदेश में कोई जगह नहीं है। अराजकता के लिए कोई जगह नहीं है। बेटी की सुरक्षा हो या व्यापारी का संरक्षण अन्नदाता किसान की खुशहाली हो या नौजवान के रोजगार की व्यवस्था या डबल इंजिन की भारतीय जनता पार्टी की सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ करने के लिए संकल्पित है।*

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज झांसी में विद्या भारती के 36वें क्षेत्रीय खेलकूद समारोह में शिरकत की। कार्यक्रम में उन्होंने प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं संचालित कर रही है। हर गांव में खेल के मैदान, जनपद में स्टेडियम और नगरों में ओपन जिम बनाए जा रहे हैं। श्री योगी ने कहा कि खेल सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम हैं। बाइट.....

*खेल अपने आप में एक सर्वांगपूर्ण जीवन पद्धति बन चुकी है। सर्वांगीण विकास के पथ पर और आत्मनिर्भरता के पथ पर अग्रसर करने में बड़ी भूमिका का निर्माण कर सकती है। अब खेल और खेलकूद के कार्यक्रम व्यर्थ नहीं है बल्कि भावक भी आगे बढ़कर के उसमें सहयोग करता है। हार जीत*

*की प्रवाह के बगैर जब व्यक्ति आगे बढ़ता है वही सफलता का मार्ग आगे लेकर के चलता है और विजय श्री उसी के चरणों को चूमती है।*

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने भानी देवी गोयल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मिनी स्टेडियम के निर्माण की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों में प्रदेश में 500 खिलाड़ियों को सीधे सरकारी नौकरियों से जोड़ा गया है। आगामी भर्तियों में डिप्टी एसपी, तहसीलदार, कानूनगो और खेल अधिकारी जैसे पदों पर सीधी नियुक्तियां की जाएंगी।

——————————

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने आज अयोध्या में परिवार के साथ श्रीरामलला का दर्शन पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कुबेर टीला स्थित देवाधिदेव महादेव का रुद्राभिषेक भी किया। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय ने वित्त मंत्री को मंदिर परिसर का भ्रमण कराया और निर्माण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। इससे पहले कल शाम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र के साथ आगामी ध्वजारोहण कार्यक्रम को लेकर चर्चा की। श्री मिश्र ने बताया कि बैठक में ध्वज के स्वरूप, रंग और प्रतीक चिन्ह को लेकर चर्चा हुई। हालांकि इस पर अंतिम निर्णय श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय लेंगे।

उन्होंने बताया कि 25 नवम्बर को होने वाले ध्वजारोहण कार्यक्रम के लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आमंत्रित किया गया है। बाइट....

*ध्वज का रंग कैसा हो, ध्वज आरोप चिन्ह क्या हो, ध्वज ऐसी सन्देश क्या हो ये सभी चीजें श्री चंपत राय जी को उन पर निर्णय लेना है। पच्चीस नवम्बर को आदरणीय प्रधानमंत्री जी को आमंत्रित किया गया है। निश्चित मानकर हम लोग चले की आदरणीय प्रधानमंत्री जी पचीस नवम्बर को आयेंगे। वह एक प्रकार ऐसी मंदिर की पूर्णता की घोषणा भी मानी जाएगी।*

—————————

बहुजन समाज पार्टी की राषट्रीय अधयक्ष मायावती ने आज बसपा संस्थापक कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर लखनऊ में रैली को संबोधित किया। विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में बसपा अकेले चुनाव लड़ेगी। इस दौरान उन्होंने आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए स्वदेशी को बढ़ावा देने के केंद्र सरकार के फैसले का स्वागत किया।

—————————

राज्यपाल एवं राज्य विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में आज राजभवन में उत्तर प्रदेश के 09 विश्वविद्यालयों तथा वियतनाम में हो ची मिन्ह सिटी स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ इकोनॉमिक्स एंड फाइनेंस एवं ह्यूटेक यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी, के मध्य विविध विषयों पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर

राज्यपाल ने कहा कि यह न केवल भारत–वियतनाम मैत्री संबंधों को और सुदृढ़ करेगा, बल्कि छात्रों, शिक्षकों एवं शोधकर्ताओं को वैश्विक अवसरों से जोड़ने में भी सहायक सिद्ध होगा।

——————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। जीएसटी सुधारों से विभिन्न क्षेत्रों को मिल रहे लाभ पर पेश है एक रिपोर्ट.....

*नए जीएसटी सुधारों से किसानों, कारीगरों उद्योगों और छोटे व्यवसायों को बड़ा फायदा मिला है। मछली पकड़ने के उपकरण, मछली के तेल और डीजल इंजन और पंपजैसे सामानों पर जीएसटी पहले के 12 और 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। जिससे मछुआरा समुदायों पर वित्तीय बोझ कम हुआ है। इसके साथ ही दूध और उससे जुड़े उत्पादों पर जीएसटी घटने से राज्य के डेयरी क्षेत्र को सीधा फायदा मिला है। जिससे 24 लाख किसनों की आमदनी बढ़ने के साथही दूध से निर्मित*

*खाद्य पदार्थों की कीमतें भी 5 से सात प्रतिशत की कमी आई है। इससे घरेलू लागत कम होने के साथ ही त्यौहार के दौरान खरीदारी बढ़ने और डेयरी किसानों की आमदनी में भी इजाफा हुआ है। खाने पीने और अन्य सामान पर जीएसटी की दर 5 प्रतिशत होने से इन सामानों के निर्यात बाजारों का भी विस्तार हुआ है। सौम्या शरण आकाशवाणी समाचार दिल्ली।*

———————

केंद्रोय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ने 6 अक्टूबर से सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर यूनिटी मार्च की शुरुआत की है। इसी क्रम में आज लखनऊ के पत्र एवं सूचना कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में प्रदेश के खेल व युवा कल्याण राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव ने बताया कि अभियान के तहत 31 अक्टूबर से 15 नवंबर तक जिला स्तर पर पदयात्राएं निकाली जाएंगी। साथ ही हर जिले से चयनित दो पदयात्री केवड़िया तक ऐतिहासिक पदयात्रा में शामिल होंगे। बाइट.....

*इस अभियान का सबसे बड़ा अध्याय शुरू होगा। चौबीस नवम्बर को संविधान दिवस के दिन उस दिन हमारे क्षेत्र से हर जिले से दो या दो से अधिक पदयात्री सरदार पटेल की जन्मभूमि करमचंद से लेकर एकता के प्रतीक स्टैच्यू ऑफ यूनिटी जो केवड़िया तक है। एक सौ बावन किलोमीटर की ऐतिहासिक पदयात्रा देशभर के अन्य पदयात्रियों के साथ करेंगे।*

———————

कानपुर के मूलगंज थाना क्षेत्र में कल रात हुए धमाके के बाद पुलिस कमिश्नर रघुवीर लाल ने श्रेत्र के एसीपी

आशुतोष कुमार को उनके पद से हटा दिया है। वहीं, मूलगंज थाना प्रभारी सहित छह पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि मूलगंज थाना क्षेत्र के बिसात खाना बाजार में कल शाम दुकानों के बाहर खड़ी स्कूटी में जोरदार धमाका हुआ। धमाके में आठ लोग घायल हो गए जिनमें चार की हालत गंभीर है। पुलिस ने इस मामले में 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। श्री लाल ने बताया कि घटना अवैध पटाखों और बारूद से सम्बंधित है। उन्होंन कहा कि मामले की जांच जारी है। बाइट.....

*ये लोकल घटना है इलीगल पटाखों को स्टोर करने की घटना है। इस संबंध में क्योंकि इसका लाइसेंस नहीं था इनके खिलाफ कारवाई की जा रही है। एक्सप्लोसिव एक्ट के तहत कारवाई की जा रही है। अब तक इस घटना में बारह लोगों को हम लोगों ने डिटेन कर दिया है। जिसका शॉप है गोडाउन है उनको डिटेन कर दिया गया है।*

———————————

सुहागिनों का पर्व करवा चौथ कल मनाया जाएगा। करवाचौथ पर सुहागिन महिलाएं पति की लंबी आयु, सुख–समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की मनोकामना के लिए निर्जला व्रत रखती हैं। इस पर्व को लेकर बाज़ारों में भी रौनक बढ़ गई है। महिलाएं कपड़े, श्रृंगार सामग्री और पूजा से संबंधित आवश्यक वस्तुओं की खरीदारी कर रही हैं। इस बीच उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग ने निर्णय लिया है कि राज्य के सभी महिला बंदीगृहों में आवासित

महिलाएँ करवाचौथ का पर्व अपने पतियों की उपस्थिति में पारम्परिक रूप से मनाएँगी। इस संबंध में राज्य महिला आयोग ने सभी जिलाधिकारियों को भी पत्र जारी किया है।

(समाप्त)